अर्द्ध वार्षिक परीक्षा - 2019-20

समय: 2:30 घण्टे　　विषय: हिन्दी　　अंक: 80

कक्षा - VIII

(अंक-योजना)

(खण्ड - क)

प्र० 1 अपठित गद्यांश

क, ख ग　2+2+2　= 8

घ ङ　1+1

प्र० 2 अपठित पद्यांश क, ख　2+2

ग, घ, ङ.　1+1+1　= 7

(खण्ड - ख)

प्र० 3 व्याकरण

(i) समास, (ii) उपसर्ग, (iii) एक शब्द के अलग-2 अर्थ वाले वाक्य प्रयोग (iv) शब्दों के सही रूप, (v) पर्यायवाची, (vi) प्रत्यय (vii) संधि, (viii) मुहावरे　2×8 = 16

(खण्ड - ग)

प्र० 4 पठित गद्यांश, क, ख, ग घ ङ.　1×5 = 05

प्र० 5. प्रश्नोत्तर (गद्यांश) क, ख, ग, घ, ङ. किन्हीं चार के उत्तर लिखिए　2×4 = 08

प्र० 6 पठित पद्यांश क, ख, ग, घ, ङ　1×5 = 05

प्र० 7 प्रश्नोत्तर (पद्यांश) क, ख ग, घ, ङ. किन्हीं चार के उत्तर लिखिए　2×4 = 08

प्र० 8 भारत की खोज, क, ख, ग, घ, (प्रश्नोत्तर)　2×4 = 08

(खण्ड - घ)

प्र० 9 अनुच्छेद-लेखन　3×01 = 03

प्र० 10 पत्र लेखन: - प्रारूप: 02 अंक, भाषाशैली 02 अंक प्रस्तुति 01 अंक　- 05

प्र० 11 लघु निबंध लेखन! विषयवस्तु 3 अंक, भाषाशैली 2 अंक, प्रारूप (प्रस्तुति) 2 अंक　= 07

हरिश्चन्द्र

कुल अंक = 80

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा - 2019-20

## विषय - हिन्दी

समय : 2.30 घण्टा **कक्षा - अष्टमी** पूर्णांक 80

*आलोक : 1. इस प्रश्नपत्र में चार खण्ड हैं क ख ग और घ।*

*2. चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।*

*3. यथासम्भव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए।*

### खण्ड – क

प्र01. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 8

महात्मा गांधी अपना काम हाथ से करने पर बल देते थे। वे प्रत्येक आश्रमवासी से आशा करते थे कि वह अपने शरीर से सम्बन्धित प्रत्येक कार्य, सफाई तक स्वयं करेगा। उनका कहना था कि जो श्रम नहीं करेगा, वह पाप करता है और पाप का अन्न खाता है। ऋषि–मुनियों ने कहा था कि बिना श्रम किये जो भोजन करता है, वह वस्तुतः चोर है। महात्मा गाँधी का समस्त जीवन–दर्शन श्रम–सापेक्ष था। उनका समस्त अर्थशास्त्र यही बताता था कि प्रत्येक उपभोक्ता को उत्पादक होना चाहिए। उनकी नीतियों की उपेक्षा करने के परिणाम आज हम भोग रहे हैं।

(1) ऋषि मुनियों के अनुसार चोर कौन है ? 2

(2) गांधी जी के अनुसार पाप कौन करता है ? 2

(3) प्रत्येक आश्रमवासी से गांधी जी क्या अपेक्षा करते थे ? 2

(4) "समस्त" शब्द का समानार्थी शब्द लिखिये। 1

(5) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए। 1

प्र02. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 7

चाह नहीं मैं सुरबाला के गहनों में गूँथा जाऊँ,

चाह नहीं प्रेमी माला में बिंध–प्यारी को ललचाऊँ,

चाह नहीं सम्राटों के शव पर हे हरि डाला जाऊँ,

चाह नहीं देवों के सिर पर चढ़ूँ भाग्य पर इठलाऊँ,

मुझे तोड़ लेना बनमाली, उस पथ पर देना तुम फेंक !

मातृभूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पथ पर जावें वीर अनेक।

(1) पुष्प कहाँ–कहाँ नहीं जाना चाहता है और क्यों ? 2

(2) पुष्प वनमाली से क्या प्रार्थना कर रहा है ? 2

(3) पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

(4) कविता को पढ़कर आपके मन में कैसे भाव उठते हैं ? एक पंक्ति में लिखिए। 1

(5) "पुष्प" शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिये। 1

प्र02. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए –

(1) द्वन्द्व समास के दो उदाहरण लिखिए। 2

(2) "बे" उपसर्ग से बनने वाले दो शब्द लिखिये। 2

(3) "हार" शब्द से दो वाक्य प्रयोग कीजिए जिसमें दोनों के अर्थ अलग–अलग हो। 2

(4) निम्नलिखित शब्दों का सही रूप लिखिए – 2

ग्यान, पाऊँ

(5) निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए – 2

पृथ्वी, वृक्ष

(6) "इक" प्रत्यय से युक्त दो शब्द बनाकर लिखिए। 2

(7) सन्धि कीजिए – 2

संग्रह + आलय=

महा + आत्मा =

(8) "नौ दो ग्यारह होना" मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए। 1+1=2

## खण्ड – ग

प्र04. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिये – 5

हम पाँच मित्रों ने तय किया कि शाम चार बजे की बस से चले। पन्ना से इसी कम्पनी की बस सतना के लिए घण्टे भर बाद मिलती जो जबलपुर की ट्रेन मिला देती है। सुबह घर पहुँच जाएँगे। हम में से दो को सुबह काम पर हाज़िर होना था इसीलिए वापसी का यही रास्ता अपनाना जरूरी था। लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफर नहीं करते।

(1) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम लिखिए।

(2) लेखक के कुल कितने मित्र थे ?

(3) वे चार बजे की बस क्यों पकड़ना चाहते थे ?

(4) लोगों ने शाम की बस से यात्रा करने की सलाह क्यों दी ?

(5) "हाजिर" शब्द का क्या अर्थ है ?

प्र05. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 8

(1) मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?

(2) पत्र जैसा संतोष फोन या एस.एम.एस. का सन्देश क्यों नहीं दे सकता ?

(3) लेखक के मन में हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा क्यों जगीं ?

(4) बच्चों के उधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई ?

(5) वस्तु विनिमय क्या है ? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है ?

प्र06. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिये – 5

कबीर घास न नींदिए, जो पाऊँ तलि होइ।

उड़ि पड़ै जब आँखि मैं, खरी दहेली होई।।

(1) कविता का नाम लिखिए।

(2) कवि का नाम लिखिए।

(3) कवि ने घास की निंदा करने से क्यों मना किया है ?

(4) इस सखी के माध्यम से कबीर किसका अपमान न करने की शिक्षा दे रहे हैं ?

(5) पाऊँ और दुहेली का अर्थ लिखिये।

प्र07. नीचे लिखे किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 8

(1) कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा ?

(2) आने को उल्लास न जाने को आँसू बनकर बह जाना क्यों कहा गया है ?

(3) चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर कहाँ उड़ने की तैयारी में है ? वह तिनकों का क्या करती होगी ?

(4) हमें म्यान का मोल क्यों नहीं करना चाहिए ?

(5) कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिये क्यों बताया है ? स्पष्ट कीजिए।

प्र08. नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर भारत की खोज पुस्तक के आधार पर लिखिए – 8

(1) जैन धर्म तथा बौद्ध धर्म के संस्थापक कौन थे ?

(2) नेहरू जी ने भारत की खोज कहाँ लिखना शुरू किया ?

(3) अहमद नगर के किले में नेहरू जी अपना शौक पूरा करने के लिए क्या काम करने लगे ?

(4) चरक कौन थे ? चिकित्सा के क्षेत्र में उनका क्या योगदान था ?

प्र09. "मित्रता" या अपने विद्यालय पर अनुच्छेद लिखिए। 3

## खण्ड – घ

प्र010. विद्यालय से दो दिन के अवकाश लेने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

अथवा

दशहरे की छुट्टियाँ साथ बिताने के लिए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

प्र011. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लघु निबन्ध लिखिये – 7

(1) दशहरे में रावण का दहन  (2) मेरा प्रिय खेल

(3) स्वच्छ भारत अभियान  (4) वृक्षारोपण

समय: 2:30 घंटे अर्द्ध वार्षिक परीक्षा 2019-20 अंक 80 (1)

विषय: हिन्दी VIII

(उत्तर-कुंजिका)

(खण्ड - क)

प्र० 1. (क) बिना श्रम के भोजन करना (ख) श्रम न करने वाला
(ग) अपना कार्य स्वयं करना
(घ) सम्पूर्ण (ड.) श्रम की महत्ता

प्र० 2 (क) नव विवाहित के गहनो, देवी देवताओं की मूर्तियों सम्राटो के शवों पर शादी-विवाह अवसर पर इत्यादि स्थानो पर नहीं जाना चाहता
(ख) पुष्प वन माली से प्रार्थना करता है, कि जिस रास्ते पर सैनिक गुजरें उस रास्ते पर मुझे फेंक देना।
(ग) वीरों का सम्मान, पुष्प की अभिलाषा (घ) वीरों या सैनिको के प्रति सम्मान या आदर भाव होना (ड.) फूल, सुमन,

प्र० 3 → (खण्ड-ख) व्याकरण
(i) द्वन्द समास. माता और पिता, राम और लक्ष्मण,
(ii) बे- उपसर्ग बेकार, बेईमान (iii) हार- गले का हार युद्ध में हार जाना। सुशीला के गले हार अच्छा लग रहा है। युद्ध में रावण राम से हार गया था। (iv) ग्यान - ज्ञान, पॉऊ-पाँव
(v) धरती, धरा, पेड़ विटप (vi) सामाजिक, धार्मिक
(vii) संग्राहलय, महात्मा (viii) भाग जाना, चोर पुलिश को देखकर नौ दो ग्यारह हो गए।

(खण्ड - ग)

प्र० 4 (पठित गद्यांश) (क) बस की यात्रा हरिशंकर परसाई,
(ख) पाँच (ग) शाम चार बजे की बस से चले तो पन्ना से इसी कम्पनी की बस सतना के लिए घंटे भर बाद मिलती है जो जबलपुर की ट्रेन मिला देती है।
(घ) बस से यात्रा करना ठीक नहीं था, बस खराब हो सकती थी।
(ड.) उपस्थित

प्र० 5. उत्तरों को शिक्षक पुस्तक के आधार पर छात्रों के भावों के अनुसार मुल्यांकित करें।

प्र० 6 (पठित पदयांश) (क) कबीर की साखियाँ (ख) कबीरदास
(ग) घास का तिनका उड़कर आँख में चला जाए तो असहनीय पीड़ा होती है। (घ) किसी मनुष्य को कभी छोटा या कमजोर नहीं समझना चाहिए. शक्ति पाकर वह भी कष्ट पहुँचा सकता है।

(P.T.O)

(२)

(ङ.) पाँव (पैर) कष्ट (दुःख)

प्र०7 उत्तरों को शिक्षक पुस्तक के आधार पर तथा छात्रों के भावों के अनुसार मूल्यांकित करें।

प्र०8 पूरक पुस्तक (भारत की खोज़) शिक्षक पुस्तक के आधार पर तथा छात्रों के भावों के अनुसार मूल्यांकित करें।

(खण्ड घ)

प्र०9 अनुच्छेद लेखन. स्वविवेकानुसार मूल्यांकन

प्र०10 पत्र लेखन :- प्रारूप २ अंक विषयवस्तु २ अंक (भाषाशैली) प्रस्तुति ०1 अंक

प्र०11 निबंध लेखन :— प्रस्तुति २ अंक, विषयवस्तु 3 अंक भाषाशैली २ अंक

हरिश्चन्द्र

[signature]